हिन्दुस्तान 02
बुधवार, 20 अप्रैल 2022
www.livehindustan.com

## शहर 30s




बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को संस्कृत विभाग द्वारा श्रीमद्भगवत गीता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। ● हिन्दुस्तान

# छात्रों को दी व्यापार की जानकारी

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय में मंगलवार को कैंपस प्रन्योर कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा रहे। बड़ा बिजनेस डॉट कॉम के साथ मिलकर हुए इस कार्यक्रम में डॉ. बिंद्रा ने व्यवसायी, कैंपस प्रन्योर और बिजनेस से जुड़े अहम पहलू साझा किए। छात्रों को व्यवसाय शुरू करने और आधुनिक परिवेश के लिहाज से बेहतरीन व्यवसायों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता और संयोजक डॉ संजीव गुप्ता ने कार्यक्रम का संयोजन किया।